फरीदाबाद जागरण सिटी

25 दैनिक जागरण नई दिल्ली, 24 मार्च 2011

कलेक्टर रेट बढ़ोतरी का चौतरफा विरोध

फरीदाबाद, मुसं : कलेक्टर रेट (सर्किल रेट) बढ़ोतरी का शहर में चौतरफा विरोध हो रहा है। अब तक जहां कलेक्टर रेट बढ़ोतरी के खिलाफ प्रापर्टी डीलर और विपक्षी राजनीतिक दलों ने ही मोर्चा खोला था वहीं अब कन्फेडरेशन ऑफ रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन भी इसके विरोध में खड़ी हो गई है। मुख्य विपक्षी दल इनेलो बृहस्पतिवार को कलेक्टर रेट के विरोध में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करेगा। शहर की सभी 80 रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की कंफेडरेशन के प्रधान एन.के.गर्ग और महासचिव ए.एस.गुलाटी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कलेक्टर रेट में बढ़ोतरी का विरोध किया है। कंफेडरेशन ने विरोध का आधार कलेक्टर रेट बढ़ने से गृहकर में बढ़ोतरी को बनाया है। प्रधान गर्ग के अनुसार कलेक्टर रेट बढ़ाए जाते समय आम लोगों के हितों को ध्यान में नहीं रखा गया। बढ़ती महंगाई के समय में गृहकर का बोझ यदि पांच से छह गुना हो जाएगा तो लोगों को परेशानी आएगी। कन्फेडरेशन ने कहा कि शहर में ज्यादातर निम्न और मध्यम वर्गीय परिवार रहते हैं और कलेक्टर रेट बढ़ोतरी से ये परिवार खासे प्रभावित होंगे। इसलिए कलेक्टर रेट में बढ़ोतरी तत्काल प्रभाव से वापस ली जाए। उद्यमी रामशरण भाटिया ने भी कलेक्टर रेट में इतनी अधिक बढ़ोतरी को अनुचित ठहराया है। उनका कहना है कि इससे सरकार को राजस्व का नुकसान होगा क्योंकि अब ज्यादातर लोग पावर ऑफ अटार्नी से ही खरीद-फरोख्त करेंगे। फरीदाबाद इस्टेट एजेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन का कलेक्टर रेट बढ़ोतरी के खिलाफ मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन बुधवार भी जारी रहा। विपक्षी दल, सामाजिक संगठन, रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के विरोध को देखते हुए जिला से संबंधित विधायक व मंत्रियों ने भी कलेक्टर रेट बढ़ोतरी पर विचार किया।